तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, बुधवार 27 अगस्त 2025

बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला



सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा

22 अगस्त 2025 SHOW TIME

वार-2 शो समय -12:00, 3:00, 9:00 PM

मोही डारे-2 शो समय -12:00 PM

साम्राज्य शो समय -03:00 PM

कुली शो समय -03:00, 9:00 PM

महावतार नरसिम्हा शो समय - 6:30 PM

नोट : फेसबुक और ईस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।

bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध

मो. 93001-27666


# 27 साल बाद दुर्लभ संयोग में हो रहा श्रीगणेश का आगमन

## सिद्धि योग में विराजेंगे बप्पा, बलौदाबाजार में उमंग का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

2025 की गणेश चतुर्थी इस बार 27 अगस्त को आ रही है और विशेष संयोग के कारण यह पर्व और भी महत्वपूर्ण हो गया है। इस बार 27 वर्षों बाद गणेश चतुर्थी पर सर्वार्थ सिद्धि योग और सिद्ध योग का संगम बन रहा है। बुधवार के दिन चौथ तिथि पर मनाया जाने वाला यह पर्व धार्मिक आस्था और उल्लास का अद्भुत संगम होगा। इसको लेकर बलौदाबाजार शहर सहित जिलेभर में उत्साह का माहौल है। विभिन्न वार्डों और मोहल्लों में आकर्षक पंडाल सजाकर विघ्नहर्ता गणेश जी की प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी। समितियां पंडालों की भव्य सजावट की तैयारियों में जुटी हुई हैं।





### मूर्तियों में दिखेगा सांस्कृतिक वैविध्य

मूर्तिकार भी कई महीनों से मूर्तियों को आकार देने में लगे हुए हैं। बलौदाबाजार में हर साल की तरह इस बार भी कोलकाता से आए कारीगर 1 फीट से लेकर 15 फीट तक की बप्पा की आकर्षक मूर्तियां तैयार कर रहे हैं। गणेश जी की प्रतिमाएं विभिन्न रूपों—जगन्नाथ स्वरूप, राधा संग,गणपति, शिव-पार्वती संग गणपति आदि रूपों में बनाई जा रही हैं। प्रतिमाओं की कीमत की अगर बात करे तो 500 से 21,000 रुपए तक है।

## इको-फ्रेंडली गणेश जी देंगे पर्यावरण का संदेश





खास बात यह है कि इस बार ज्यादातर मूर्तियां इको-फ्रेंडली बनाई जा रही हैं, ताकि पर्यावरण को कोई नुकसान न हो। मूर्तिकारों का कहना है कि भगवान गणेश स्वयं श्रद्धालुओं को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देंगे। विभिन्न समितियां इस बार गणेशोत्सव को भव्यरूप बनाने की तैयारी में हैं, जिसके अलग-अलग थीम से सजावट की जा रही है और अनोखा रूप दिया जा रहा है, कुल मिलाकर सभी पूजा समितियां अपने पंडाल आकर्षण का केंद्र बनाने को तत्पर हैं।

## खबर संक्षेप

### गिधपुरी के टीआई बने संदीप बंजारे



**भवानीपुर।** पुलिस थाना गिधपुरी में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक संदीप बंजारे पदभार संभाला प्रभार लेते ही समस्त अपने कर्मचारी को कहा कि सभी थाना क्षेत्र में जितने गांव आते हैं वहां आप सभी पेट्रोलिंग करते हुए वास्तविक स्थिति की जानकारी दें तथा सार्वजनिक स्थल पर चौक चौराहा में कोई भी असामाजिक तत्वों के व्यक्ति दिखाई देते हैं उन्हें तत्काल उनकी पहचान करें और कहा कि जो व्यक्ति जुआ, सट्टा लिखता एवं शराब बेचता हुआ दिखाई दे उसे तत्काल उनके ऊपर तत्काल कार्रवाई करें थाना क्षेत्र में कोई भी ऐसा कार्य नहीं चलेगा । आप गांव के सरपंच कोटवार एवं प्रमुख व्यक्तियों से मिलकर गांव की समस्त जानकारी लें । पेट्रोलिंग कर आवागमन में कोई बाधा नहीं होना चाहिए ताकि थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बना रहे ।

### ट्रेलर से टकराने से पिकअप में बैठे युवक की मौत

**महासमुंद।** ग्राम घोड़ारी में एक खड़ी ट्रेलर से पिकअप टकरा गया। घटना में पिकअप में बैठे एक युवक की मौत हो गई। कोतवाली पुलिस को प्रार्थी रामप्रसाद निषाद निवासी ग्राम निसदा थाना आरंग ने बताया कि 22 को उसका लड़का तोरण निषाद मजदूरी करने घोडारी गया था। रात को उसे सूचना मिली कि तोरण का एक्सीडेंट हो गया है और जिला अस्पताल महासमुंद में भर्ती किया गया है। जिला अस्पताल पहुंचने पर तोरण ने उसे बताया कि पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 04 एनसी 5109 में ग्राम घोडारी से मजदूरी का काम करके वाहन को बरबसपुर छोडने जा रहा था। ओवरब्रिज के आगे ग्राम घोडारी पहुंचा था कि पंकज चाय के सामने खड़े ट्रक ट्रेलर क्र. जीजे 12 बीजेड 0060 से पिकअप टकरा गया जिससे वाहन में बैठे चालक एवं उसे गंभीर चोंट लगना बताया। प्रार्थी ने बताया कि मेरे लड़के को जिला अस्पताल महासमुंद से रेफर करने पर 23 अगस्त वह मेकाहारा रायपुर आगे ईलाज हेतु लेकर गए, मेकाहारा के डॉक्टर द्वारा चेक करने के बाद तोरण की मृत्यु हो जाना बताया। मामले में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 106(1), 285 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### महुआ शराब जब्त, एक व्यक्ति पर कार्रवाई

**महासमुंद।** महासमुंद। सरायपाली पुलिस ने महुआ शराब की बिक्री के लिए ग्राहक तलाश रहे एक व्यक्ति पर कार्रवाई की है। पुलिस नेबताया कि ग्राम कुटेला से इच्छापुर जाने के मार्ग में एक व्यक्ति एक सफेद रंग की प्लास्टिक जरीकेन में हाथ भट्ठी महुआ शराब बिक्री हेतु ग्राहकों की तलाश कर रहा है। मौके पर पहुंच कर पुलिस ने देखा कि उक्त व्यक्ति प्लास्टिक की जेरीकेन रखा हुआ था। नाम पता पुछने पर उसने अपना नाम दिनेश सिंह पिता त्रिलोचन सिंह (48 साल) इच्छापुर थाना सरायपाली होना बताया। आरोपी के कब्जे से 4 लीटर हाथ भट्ठी महुआ कीमत 800 रुपए को जब्त कर धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

## तीजा पर्व : सैकड़ों महिलाओं और बच्चों की रहीं उत्साहपूर्वक भागीदारी

# तिजहारीन खेल उत्सव में दिखा परंपरा और संस्कृति का दिखा सुंदर समागम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार







छत्तीसगढ़ की संस्कृति और परंपराओं का प्रतीक हरितालिका तीजा पर्व ग्राम गुमा में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर तिजहारीन खेल उत्सव का पांचवां वार्षिक आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों महिलाओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि अधिवक्ता एवं समाजसेवी कालिंद्री वर्मा तथा विशिष्ट अतिथि महेश वर्मा, पद्मेश्वरी साहू, अनूप साहू, सोभन दास मानिकपुरी सहित अन्य गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में भगवान गणेश के तैलचित्र की पूजा से हुई। अतिथियों का पारंपरिक गमछा, नारियल एवं स्कार्फ पहनाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम सरपंच चंद्रकांता होमेश साहू ने की।

**खेलकूद का आयोजन:** त्योहार को खास बनाने के लिए महिलाओं के बीच फुगड़ी, गोला फेंक, कुर्सी दौड़, मटका फोड़, गिलास इकट्ठा दौड़ जैसे रोचक खेल हुए। वहीं बच्चों के लिए 100 मीटर दौड़, कुर्सी दौड़, माथे पर से बिस्किट खाना जैसे मनोरंजक प्रतियोगिताएँ रखी गईं। फुगड़ी में पिंकी यादव प्रथम, मीना साहू द्वितीय और यशोदा ध्रुव तृतीय रहीं। गोला फेंक में यशोदा ध्रुव प्रथम स्थान पर रहीं। बच्चों की 100 मीटर दौड़ में हीरा सिंह ने बाजी मारी। इसी प्रकार भूमि वर्मा, मौसमी साहू, राजेश्वरी यादव, कुसुम साहू, हर्षिता वर्मा सहित कई प्रतिभागियों ने विजेता बनकर सम्मान पाया। आयोजन में भोजराम ▶▶ शेष पेज 13 पर

### सुहागिनों ने रखा निर्जला उपवास



**खरोरा।** भाद्रपद शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि पर मंगलवार को हरितालिका तीज पर्व पर महिलाओं ने निर्जला व्रत रखकर भगवान शिव-पार्वती की आराधना की। विवाहित महिलाओं ने अखंड सौभाग्य एवं पति की लंबी आयु की कामना की, वहीं अविवाहित युवतियों ने सुयोग्य वर प्राप्ति हेतु व्रत किया। पर्व की शुरुआत परंपरागत करू भात से हुई। तीजहारिनों ने सोलह श्रृंगार कर विशेष पूजा-अर्चना की और गौरी-गणेश की मिट्टी प्रतिमाएं स्थापित कर भजन-कीर्तन किया। ग्रामीण अंचलों में महिलाओं को उपहार एवं श्रृंगार सामग्री भेंट की गई।

### सम्मान और प्रोत्साहन

सभी विजेता प्रतिभागियों को आयोजक समिति द्वारा घर-उपयोगी उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। महिलाओं और बच्चों की भारी भागीदारी से पूरे गाँव में उल्लास का माहौल बना रहा। विशिष्ट अतिथि पद्मेश्वरी साहू ने कहा कि तीजा पर्व केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि मेल-मिलाप और बचपन की यादें ताज़ा करने का भी अवसर है। मुख्य अतिथि कालिंद्री वर्मा ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा साबित कर रही हैं और इस तरह के आयोजनों से उनका आत्मविश्वास और बढ़ता है। पर्यावरण प्रेमी महेश वर्मा ने इस परंपरा की सराहना करते हुए कहा कि गुमा गाँव 5 वर्षों से इस आयोजन को जीवित रखे हुए है, और आगे भी इसे निरंतर जारी रखना चाहिए।

# वन विभाग ने कसा शिकारियों पर शिकंजा, एक गिरफ्तार, 12 फरार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- वन विभाग ने कचलोन बीट में की छापेमारी
- जंगली सुअर का मांस, उपकरण और इलेक्ट्रिक वायर बरामद

वन्यजीवों की सुरक्षा और अवैध शिकार पर रोक के उद्देश्य से बलौदाबाजार वनमंडल द्वारा सिमगा परिक्षेत्र अंतर्गत कचलोन बीट में बड़ी कार्रवाई की गई है। मिली सूचना के आधार पर की गई छापेमारी में एक आरोपी परमानंद निषाद को गिरफ्तार किया गया है, जबकि 12 अन्य आरोपी फरार हैं जिनकी तलाश जारी है।

वनमंडलाधिकारी गणवीर धम्मशील के निर्देश पर उप वनमंडलाधिकारी निश्चल शुक्ला और परिक्षेत्र अधिकारी बसंत खांडेकर के नेतृत्व में टीम ने कार्रवाई की। मौके से जंगली सुअर का मांस, हंसिया, कत्तल, इलेक्ट्रिक वायर, जी.आई. तार और अंतड़ी समेत अवैध शिकार में प्रयुक्त सामग्री बरामद की गई। वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि अवैध शिकार जैसी गतिविधियों पर किसी भी हाल में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। ग्रामीणों से भी अपील की गई है कि वे वन्यजीवों की सुरक्षा में सहयोग करें और ऐसी किसी गतिविधि की जानकारी तत्काल दें।

### वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज

आरोपियों पर वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 एवं संशोधन 2022 की धाराएं 9, 39, 44, 49(ख), 50(स) एवं 51 के तहत प्रकरण क्रमांक 1966/13 दिनांक 25/08/2025 को अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

### छापेमारी में वन अमले की सक्रिय भूमिका

कार्रवाई में प्रशिक्षु वन परिक्षेत्र अधिकारी अनिरुद्ध कश्यप, उप वनक्षेत्रपाल सरिता एक्का, वनरक्षक रजनीश वर्मा, मनबोधन टंडन, संतराम कुंद्रे, राकेश ध्रुव, चौकीदार इमेश्वर शर्मा सहित अन्य सुरक्षा श्रमिकों ने सहभागिता निभाई।

# सीईओ जिला पंचायत ने किया पीएम आवास का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- आवास निर्माण में तेजी लाने हितग्राहियों को किया प्रोत्साहित

सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल ने सोमवार को विकासखण्ड पलारी के ग्राम पंचायत अमेरा एवं सोनार देवरी में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत हितग्राहियों का आवास का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रथम किश्त प्राप्त अप्रारंभ आवास को प्रारंभ करने एवं द्वितीय किश्त प्राप्त हितग्राहियों को अतिशीघ्र पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया।



इसके साथ ही आवास हितग्राहियों को रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाने तथा एक पेड़ माँ के नाम से वृक्षारोपण हेतु प्रोत्साहित किया गया । स्व सहायता समूह के सदस्यो को सेन्ट्रींग प्लेट उपलब्ध कराने तथा ग्राम पंचायत के सचिव को आवास निर्माण के तहत दिवाल लेखन अनिवार्य रूप से कराने हेतु निर्देशित किया ▶▶ शेष पेज 13 पर

# सिमगा क्रिकेट लीग के लिए खिलाड़ियों का हुआ ऑक्शन



**सिमगा ।** सिमगा क्रिकेट लीग का बहुप्रतीक्षित ऑक्शन बड़े उत्साह और उमंग के साथ सम्पन्न हुआ। इस ऑक्शन में विभिन्न टीम मालिकों ने खिलाड़ियों पर बोली लगाई और अपने-अपने दल को मजबूत करने का प्रयास किया। खिलाड़ियों को उनके प्रदर्शन और प्रतिभा के आधार पर खरीदा गया। ऑक्शन में प्रमुख रूप से क्यूं.सी.आई. से अनिमेश शर्मा, बी.बी.टी. से नवनीत मिश्रा, एम.जे. से जित्तू दुबे एवं अगम कोहली, के.आर.टी. से नुमान खान, ग्रेस से सत्य विकास शर्मा एवं आकाश सिंह, एस.एच. वॉरियर से शिव पाण्डे, बी.एंडबी. से सूर्यकांत ▶▶ शेष पेज 13 पर

# जिले में मवेशियों की स्थिति अत्यंत चिंताजनक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



- रात में झुंड बनाकर बैठते हैं सैकड़ों पशु हो सकते हैं बड़े हादसा का शिकार

जिला कलेक्टर द्वारा सख्त निर्देश दिए गए हैं कि दिन हो या रात – जिले की किसी भी सड़क पर कोई भी लावारिस मवेशी दिखाई न दे, अन्यथा संबंधित नगरपालिका, नगर पंचायत या ग्राम पंचायत के सरपंच-सचिव पर दंडात्मक कार्यवाही की जा ए गी । बावजूद इसके, भाटापारा, पलारी, लवन, कसडोल सहित कई शहरी और ग्रामीण इलाकों ▶▶ शेष पेज 13 पर

### जन-जीवन पर खतरा और मवेशियों की पीड़ा दोनों गहरी चिंता का विषय

जहां एक ओर सड़कों पर मवेशियों की मौजूदगी से दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है, वहीं दूसरी ओर मवेशियों की सेहत और सुरक्षा भी बुरी तरह उपेक्षित है। ग्रामीणों और सामाजिक कार्यकर्ताओं का कहना है कि प्रशासन को चाहिए कि वह सिर्फ निर्देश जारी न करे, बल्कि उसका अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए जवाबदेही तय करे। समय रहते इस स्थिति को नहीं संभाला गया तो अप्रिय घटनाएं अपरिहार्य हो सकती हैं।

## सीसीटीडब्ल्यूए बलौदाबाजार ने किया सराहनीय सहयोग

# यातायात पुलिस को मिले 25 रेनकोट और 100 हेलमेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- एसपी भावना गुप्ता ने की नियम पालन की अपील

जिले में सुरक्षित यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सीसीटीडब्ल्यूए बलौदाबाजार द्वारा यातायात पुलिस को 25 रेनकोट और 100 हेलमेट प्रदान किए गए। यह सामग्री आज 26 अगस्त को आयोजित एक कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता को सौंपी गई।

कार्यक्रम का आयोजन पुलिस कम्युनिटी हॉल बलौदाबाजार में हुआ, जिसमें सीसीटीडब्ल्यूए अध्यक्ष अंजय शुक्ला, संरक्षक अशोक जैन, सुधीर अग्रवाल और जसवंत सिंह सैनी शामिल रहे। पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने आम नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की और कहा कि ऐसा करके हम सभी की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में एनसीसी ▶▶ शेष पेज 13 पर







### हेलमेट वितरण व शपथ कार्यक्रम

कार्यक्रम में एनसीसी स्टूडेंट्स को हेलमेट वितरित किए गए और उपस्थित सभी लोगों को यातायात नियमों के पालन की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमसागर सिदार और धन्यवाद ज्ञापन उप पुलिस अधीक्षक अमृत कुजूर ने किया।

### संगठन ने निभाई सामाजिक जिम्मेदारी

सीसीटीडब्ल्यूए के पदाधिकारियों ने कहा कि वे सुरक्षित यातायात के लिए पुलिस बल के साथ मिलकर कार्य करते रहेंगे। यह सहयोग उनके सामाजिक उत्तरदायित्व का एक हिस्सा है।




## खबर संक्षेप

### नेत्र जांच शिविर में 70 लोगों ने कराया चेकअप

**रायपुर।** महावीर नगर गुरुद्वारा परिसर में स्थित क्लीनिक में निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर छत्तीसगढ़ सिख ऑफिसर्स एसोसिएशन और एमजीएम नेत्र संस्थान की नेत्ररोग विशेषज्ञ डॉ. पूजा साहू व उनकी टीम द्वारा लगाया गया। शिविर में 70 लोगों की आंखों जांच की गई। इस मौके पर डॉ. पूजा ने बताया कि शिविर में जांच के दौरान नेत्र रोगों की जांच के बाद चश्मा लगाने, मोतियाबिंद ऑपरेशन कराने की सलाह दी और नेत्रों की नियमित अच्छी देखभाल की जानकारी देते हुए निशुल्क दवाएं दीं। इस अवसर पर एसोसिएशन की मेडिकल कमेटी के चेयरमैन डॉ. कुलदीप सिंह छाबड़ा ने शिविर में आए मरीजों की जांच की और उन्हें चिकित्सा परामर्श दिया। शिविर में एसोसिएशन के संयोजक जीएस बांबरा, अध्यक्ष एचएस धींगरा, सचिव बीएस सलूजा, कुलदीप सिंह छाबड़ा, जेएस जब्बल, डॉ. बीएस छाबड़ा, लखिंदर सिंह चावला, सुखबीर सिंह सिंघोत्रा और लायंस क्लब ऑफ वीमंस की डॉ. रविंद्र कौर बांबरा और अन्य सदस्य उपस्थित थीं।

### शिवसेना प्रतिनिधियों से डीआरएम ने मिलने से किया इंकार

**रायपुर।** ओडिशा और छत्तीसगढ़ के बीच सौहार्द्रता के बीच तीजा पोरा तथा नुआखाई पर नई ट्रेन या ट्रेन में अतिरिक्त कोच जोड़े जाने, साथ ही स्टेशनों पर साफ-सफाई सहित कई मुद्दों को लेकर शिवसेना के प्रतिनिधियों ने रायपुर रेलवे के डीआरएम से मिलने का समय मांगा था। जहां डीआरएमएस के निज सचिव एएस दण्डवते ने प्रतिनिधियों को डीआरएम से मिलने नहीं दिया। वहीं शिवसेना के प्रदेश महासचिव संजय नाग एवं प्रमोद साहू ने आरोप लगाते हुए कहा की कर्मचारियों का हर 3 साल में स्थानांतरण कर दिया जाता है। फिर भी निज सचिव दण्डवते विगत 10 वर्षों से अधिक समय से पदस्थ हैं, जिन्हें तत्काल हटाया जाए, अन्यथा शिवसेना धरना-प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होगी।

### युवक मारपीट, तीन के खिलाफ मामला दर्ज


**महासमुंद।** श्री श्याम धरमकांटा के पास बिरकोनी में एक युवक के साथ मारपीट करने के मामले में तीन आरोपियों के खिलाफ महासमुंद कोतवाली में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि कुबेर निर्मलकर के साथ श्रीश्याम धर्मकाटा के पास पुरानी रंजिश को लेकर गांव के दीपक सेन, हेमंत चंद्राकर, बंटी चंद्राकर ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुये मारपीट किया। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### डीए का आदेश जारी, सितंबर के वेतन से मिलेगा लाभ

**रायपुर।** राज्य शासन के कर्मचारियों के 2 प्रतिशत डीए में बढ़ोत्तरी का आदेश वित्त विभाग ने जारी कर दिया है। जारी आदेश में 1 मार्च से सातवें वेतनमान को 53 प्रतिशत की दर से डीए दिया जा रहा था। इसमें 2 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। वहीं छठवें वेतनमान वाले कर्मचारियों को 248 प्रतिशत डीए दिया जा रहा था। इसमें 6 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए इसे 252 प्रतिशत करने का आदेश जारी किया गया है।

## निधन

### बिसनी बाई ध्रुव



**खरोरा।** खरोरा अंचल के ग्राम मुड़पार में ध्रुव समाज की वरिष्ठ महिला बिसनी बाई ध्रुव (82) का आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन से पूरे अंचल में शोक की लहर व्याप्त है। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में गांव के वरिष्ठ नागरिक, समाजसेवी एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित होकर श्रद्धासुमन अर्पित किए। बिसनी बाई, खुमान ध्रुव की माता एवं पीला बाई ध्रुव की सास थीं। इसके अलावा वे घनश्याम ध्रुव (छत्तीसगढ़ जेल पुलिस) की बड़ी मां एवं गिरधर, सुरेश, कुलेश्वर, भुवनेश्वर की भी अभिभाविका थीं।





**आयोजन : महिलाओं ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर लिया भाग**

# धूमधाम से मनाया गया तीजा पोला त्योहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लिमतरा



ग्राम पंचायत लिमतरा में तीजा पोला त्यौहार धूमधाम से मनाया गया, तिजा पोला त्यौहार के उपलक्ष में ग्राम सरपंच नेहा मुरली शर्मा एवं पंचों ने सर्वसम्मति से मनाने का फैसला लिया, जिसमें ग्राम में तीजा त्यौहार मनाने आई बहनों के मनोरंजन लिए खेल आयोजित करने का फैसला किया, जिसमे पारंपरिक खेल फुगड़ी, खो खो ,कुर्सी दौड़ , रस्सिखिच, चम्मच दौड़, मटका फोड़ जैसे आदि खेलों का आयोजन हुआ, जिसमें अधिक से अधिक संख्या में माताओं बहनों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, भारी संख्या में ग्रामीणजनो उपस्थित होकर, प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन किया। इस अवसर पर ग्राम सरपंच नेहा मुरली शर्मा एवं लिमतरा चौकी प्रभारी विजय केसरिया विशेष अतिथि के रूप से उपस्थित रहे, इस अवसर सरपंच नेहा मुरली शर्मा ने खेल भावना, को एकता, प्रेम भाईचारा से जोड़ने का सरल तरीका बताया और आगे भविष्य में इसी प्रकार के आयोजन का आश्वासन दिया, प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया, इस खेल आयोजन को सफल बनाने में उप सरपंच शशी दुर्गेश निषाद, पंच महावीर सिंह चौहान, राकेश कुर्रे, दया टंडन, हिंछा गजेन्द्र, योगेश टंडन, रवि टंडन, आकाश सोनी, दुजराम निषाद, रवि निषाद, रमेश बंजारे संतोष सेन, राहुल यादव, समीर निषाद, अमरदास कुर्रे, रीतेश कुर्रे, प्रमोद गोस्वामी, श्याम चरण आदि ने सहयोग किया।




**बलौदाबाजार।** ग्राम सकरी में तीजा पर्व पर महिलाओं ने पति की दीर्घायु के लिए निर्जला उपवास रखा। शिवलिंग बनाया व फुलेरा बांधकर पूजा-अर्चना की।

## दामाखेड़ा व दुलदुला में मनाया गया तीज महोत्सव

**सिमगा।** कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा एवं ग्राम पंचायत दुलदुला में हरितालिका तीज के पावन अवसर पर तीजा तिहार महोत्सव का आयोजन हर्षोल्लास और छत्तीसगढ़ी परंपरा के साथ किया गया। इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने महोत्सव को और भी रंगीन बना दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा कि तीज त्यौहार छत्तीसगढ़ की संस्कृति और नारी आस्था का प्रतीक है। उन्होंने कहा, "बरसात आते ही त्योहारों की श्रृंखला शुरू हो जाती है, जिसमें हरेली, रक्षाबंधन, कमरछठ, पोला, तीजा और गणेश चतुर्थी प्रमुख हैं।" उन्होंने सभी पुरुषों से नशा मुक्ति की शपथ लेने की अपील करते हुए कहा कि यदि हम शराब और अन्य व्यसनों से दूर रहेंगे तो घर में सुख-शांति बनी रहेगी और माताएं-बहनें भी खुश रहेंगी।

**महिलाओं ने रखा निर्जला व्रत:** कार्यक्रम में भाग लेने आई सैकड़ों सुहागिन महिलाओं ने निर्जला व्रत रखकर भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा की और अखंड सौभाग्य, सुख-समृद्धि की कामना की। महिलाओं के बीच आस्था और उत्साह देखते ही बन रहा था। छत्तीसगढ़ी त्योहारों की समृद्ध परंपरा को सराहा कार्यक्रम अध्यक्ष किसान नेता अनिल पांडे ने कहा कि छत्तीसगढ़ में जितनी विविधता और श्रद्धा के साथ पर्व मनाए जाते हैं, वह अन्यत्र दुर्लभ है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पर्व के पीछे एक सामाजिक और पारिवारिक उद्देश्य होता है — चाहे वह मां का बच्चों के लिए व्रत हो या पत्नी का पति के लिए तप।

**ये रहे उपस्थित:** कार्यक्रम को जिला भाजपा





अध्यक्ष आनंद यादव ने भी संबोधित किया और तीज महोत्सव के आयोजन की सराहना की। उन्होंने इसे सांस्कृतिक एकता और ग्रामीण समर्पण का प्रतीक बताया। कार्यक्रम को जिला भाजपा अध्यक्ष आनंद यादव ने भी संबोधित किया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष चंद्रमणि तिवारी, महामंत्री छोटू यादव, जिला पंचायत सदस्य शशि आनंद बंजारे, कमलेश साहू, प्रदीप मानिकपुरी, रवि साहू, प्रताप साहू, दुधारू देवांगन, मनोज चौबे, सुरेश साहू, प्रहलाद मिश्रा, भागीरथी साहू, मनहरण साहू, रामकुमार साहू, राज शर्मा, जीवन साहू एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# केजूराम बघेल को कार्यकर्ताओं ने दी बधाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद

केजूराम बघेल को भाजपा जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर, जनपद अध्यक्ष डॉ. दौलतराम पाल सहित भाजपा पदाधिकारियो ने उनके निवास पहुंचकर दी बधाई। बलौदाबाजार भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ एवं अनुभवी नेता तथा पूर्व मंडल अध्यक्ष केजूराम बघेल को बलौदाबाजार ज़िला उपाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। केजूराम बघेल को श्रीफल, साल और गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया और उनके उज्जवल कार्यकाल की कामना की।

# व्यापारियों को साइबर फ्रॉड से बचाव के बताए उपाय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

युवा कैट की बिजनेस मीट का आयोजन राजधानी में सोमवार को किया गया। इस मौके पर एसएसपी लाल उमेंद सिंह मुख्य अतिथि और ए ए स पी ट्रैफिक डॉ. प्रशांत शुक्ला वि शे ष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लाल उमेद सिंह ने व्यापारियों को साइबर फ्रॉड से बचाव और दुकानों की सुरक्षा के उपायों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए जागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में उन्होंने अपने उदबोधन में सुझाव दिया कि व्यापारी समाज कुछ स्वयंसेवक/वार्डन बनाकर लोगों तक ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूकता फैला सकते हैं।

- युवा कैट बिज़नेस मीट में मुख्य अतिथि एसएसपी लाल उमेद सिंह , विशेष अतिथि एएसपी ट्रैफिक डॉ. प्रशांत शुक्ला रहे उपस्थित



युवा कैट प्रदेश प्रभारी अवनीत सिंह ,युवा कैट प्रदेश अध्यक्ष कांति पटेल, प्रदेश महामंत्री रतनदीप सिंह ने बताया कि युवा कैट द्वारा आयोजित बिज़नेस मीट में व्याायरियों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। इस मौके पर अमित गुप्ता, भास्कर साहू, गिरीश पटेल,मितेश पटेल, बी एस परिहार, प्रकाश कोसारकर, प्रकाश मखीजा, प्रिंस जैन, रौनक पटेल, रोहित पटेल, सर्वेश दौलतानी, शैलेंद्र शुक्ला, तजीन्दर सैनी, त्रिलोचन साहू , विशाल वल्यानी सहित युवा कैट के सदस्य उपस्थित रहे।

# भाजपा बलौदाबाजार की नई जिला टीम घोषित

**बलौदाबाजार/लवन/पलारी।** भारतीय जनता पार्टी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा की नई जिला कार्यकारिणी की घोषणा जिला अध्यक्ष आनंद यादव द्वारा की गई। यह घोषणा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह और संगठन महामंत्री पवन साय के अनुमोदन के पश्चात हुई, जिसे पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा और कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा की सहमति प्राप्त थी।






घोषित कार्यकारिणी में कृष्णा अवस्थी और विजय यादव को जिला महामंत्री, वहीं पुनीराम पटेल, केजूराम बघेल, सुनील यदु, मीना बार्वे, सुनीता वर्मा और नंद कुमार वर्मा को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। कोषाध्यक्ष नंदकिशोर अग्रवाल, कार्यालय मंत्री पुरुषोत्तम साहू और हेमंत टिकरिहा बनाए गए हैं। मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी आलोक अग्रवाल और मदन वर्मा को दी गई है। नेताओं ने कहा कि यह नियुक्तियाँ पार्टी के विकेंद्रीकरण और जमीनी स्तर पर मजबूती के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण हैं। पार्टी पद नहीं, जिम्मेदारी देती है, जिसे हर कार्यकर्ता को पूरी निष्ठा से निभाना होता है।

- जिला अध्यक्ष आनंद यादव ने किया पदाधिकारियों की सूची का ऐलान

**तकनीकी और प्रचार में भी नई नियुक्तियां :** आई.टी. सेल का दायित्व नेतरंजन निर्मलकर और गौतम यादव को सौंपा गया है, जबकि सोशल मीडिया प्रभारी दिनेश साहू और हितेश रात्रे होंगे। प्रचार-प्रसार मंत्री के रूप में देवक साहू की नियुक्ति की गई है। इन नियुक्तियों के साथ पार्टी तकनीकी मंचों पर भी मजबूत उपस्थिति बनाने की दिशा में सक्रिय हुई है।

**संगठन में नयापन, कार्यकर्ताओं में जोश :** पदाधिकारी चयन पर भाजपा के शीर्ष नेताओं ने प्रसन्नता जताई। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, वरिष्ठ नेता शिवरतन शर्मा, मंत्री टंकराम वर्मा, डॉ. सनम जांगड़े, लक्ष्मी बघेल, डॉ. अजय राव, प्रमोद शर्मा, सविता अनंत, राकेश तिवारी समेत दर्जनों नेताओं ने नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय के अनुमोदन पर शीर्ष नेतृत्व पूर्व स्पीकर गौरीशंकर अग्रवाल, पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, कैबिनेट मंत्री टँकराम वर्मा की सहमति से जिलाध्यक्ष आनंद यादव ने जिला संगठन में अपने पदाधिकारियों की घोषणा की है जिसमें अच्छे परफॉर्मेंस के लिए पलारी के पूर्व मंडल अध्यक्ष नंद वर्मा को जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। उन्होंने नई जिम्मेदारी मिलने पर भाजपा आलाकमान का आभार व्यक्त किया है और कहा की पार्टी ने जो दायित्व सौंपा है उसे पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करूंगा।

**जो फिट है, वही हिट है-जीवनभर प्रेरणा बने रहेंगे व्यायाम शिक्षक**

# सेवानिवृत्त व्यायाम शिक्षकों का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

रायपुर स्थित प्रो. जे.एन. पांडेय स्कूल के सभागार में रविवार को एक गरिमामय समारोह में रायपुर जिले के सेवानिवृत्त व्यायाम शिक्षकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारती रहे। आयोजन की शुरुआत मां सरस्वती की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन और वंदना से हुई।

कार्यक्रम में जिला क्रीड़ा अधिकारी संजय शुक्ला ने हिमांशु भारती का शाल एवं श्रीफल से सम्मान किया। इसके बाद जिले के सभी सेवानिवृत्त व्यायाम शिक्षकों को संयुक्त रूप से भावभीना सम्मान प्रदान किया गया। इस दौरान शिक्षकों ने अपने सेवाकाल की यादों को साझा कर भावुक कर देने वाला वातावरण बना दिया।



**जीवन का हिस्सा है व्यायाम, खिलाड़ी कभी हार नहीं मानता:** सेवानिवृत्त शिक्षकों में बी.आर. साहू, आर.एल. तारक, शिवनंदन देवांगन, गोवर्धन ध्रुव जैसे वरिष्ठों ने मंच से अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि खेल केवल शरीर नहीं, मानसिक दृढ़ता का भी माध्यम है। व्यायाम शिक्षक अपने जीवन में छात्रों को हार-जीत से परे जीवन जीने की कला सिखाते हैं।

**हिमांशु भारती ने दी शुभकामनाएं:** मुख्य अतिथि हिमांशु भारती ने कहा कि व्यायाम शिक्षक समाज में ऊर्जा का संचार करते हैं। उन्होंने सेवानिवृत्त शिक्षकों को स्वस्थ, सक्रिय और प्रेरणादायी जीवन की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने यह भी कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा नहीं है, यह संघर्षों में मुस्कुराने की कला है।

समारोह में जिले के सभी विकासखंडों के क्रीड़ा प्रभारी—सी.के. वर्मा (तिल्दा), राकेश प्रधान (आरंग), संदीप शर्मा (धरसींवा), पोमन लाल तारक (अभनपुर), गौतम राहा, राकेश प्रधान, प्रकाश कश्यप, पीतांबर पटेल, भोजराम मनहरे, डॉ. विजय रत्नाकर, गुरुप्रिया बागड़े, ब्रिज भूषण ठाकुर, लाल बहादुर सोनकर, प्रदीप साहू, चांदनी दीवान सहित बड़ी संख्या में व्यायाम शिक्षक मौजूद रहे। इस गरिमामय आयोजन को व्यायाम शिक्षक समुदाय ने मिलकर ऐतिहासिक बना दिया।

## खबर संक्षेप



### पीलू वर्मा ने 50वीं बार किया रक्तदान

**भाटापारा ।** क्षेत्र का टिकुलिया ग्राम रक्तदान के क्षेत्र में एक मिसाल बन गया है। गांव के उपसरपंच पीलू वर्मा ने आज अपना 50वां रक्तदान किया। इस गांव से अब तक 5000 यूनिट रक्तदान किया जा चुका है और यहां के लगभग हर घर में एक रक्तदाता मौजूद है। गांव में 'संकल्प रक्तदाता सेवा संस्थान' की स्थापना उपसरपंच पीलू वर्मा ने की थी, जो लगातार रक्तदान जागरूकता और सेवा में जुटे हुए हैं। संस्था के माध्यम से गांव-गांव जाकर लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया गया है।

### नए मंत्री गजेंद्र का यादव समाज ने किया स्वागत

रायपुर। यादव ठेठवार समाज ने दुर्ग विधायक गजेंद्र यादव को छत्तीसगढ़ शासन में मंत्री बनाए जाने पर राज्य सरकार का आभार जताया है। पिछले कई वर्षों से यादव समाज अपने समाज को प्रतिनिधित्व देने की मांग को लेकर सक्रिय रहा है। समाज के वरिष्ठ नेताओं ने इस संबंध में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह से भी मुलाकात की थी। साथ ही प्रदेश स्तरीय धरना-प्रदर्शन की तैयारी भी की गई थी। आश्वासन मिलने के बाद धरना-प्रदर्शन स्थगित कर दिया गया था। यादव ठेठवार समाज के प्रदेश मीडिया प्रभारी शशिकांत यदु ने बताया कि कैबिनेट मंत्री पद की शपथ लेने से पहले श्री यादव ने पुरानी बस्ती स्थित दूधाधारी मठ में श्रीराम दरबार के समक्ष माथा टेककर आशीर्वाद प्राप्त किया।

## पेज 11 के शेष

### तिजहारीन खेल उत्सव...

वर्मा, तामेश्वर साहू, परसराम साहू, अनिल वर्मा, अमित यादव, झालेन्द्र साहू, जितेन्द्र साहू सहित अनेक ग्रामीणों ने सक्रिय सहयोग दिया। कार्यक्रम का संचालन भोजराम वर्मा और अनिल वर्मा ने मिलकर किया। अंत में सरपंच चंद्रकांता होमेश साहू ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि तीजा पर्व नारी शक्ति, आस्था और सामाजिक एकता का प्रतीक है।

### सीईओ जिला पंचायत...

गया। निरीक्षण के दौरान जनपद सीईओ पन्ना लाल धुर्वे, जिला समन्वयक शलैन्द्र भार्गव, कार्यक्रम अधिकारी अंजू भोगामी तकनीकी सहायक सहित सरपंच, सचिव, आवास मित्र, स्व सहायता समूह के सदस्य एवं ग्रामीणजन मौजूद थे।

### सिमगा क्रिकेट लीग...

तिवारी, जे.सी.सी. से मन्नू पंजवानी ने खिलाड़ियों पर बोलियाँ लगाईं। इस अवसर पर सिमगा क्रिकेट लीग समिति अध्यक्ष मनोहर पंजवानी, चेयरमैन अत्री शर्मा, सचिव सौरभ दुबे, पत्रकार रिंकू भाटिया, अखिलेश तिवारी, रिंकू लाल, पिंटू चतुर्वेदी, गुड्डू जैन एवं नगर से सज्जन शर्मा, आशुतोष शर्मा, महेंद्र शर्मा, मीनू जैन, मनोहर सोनकर, कान्हा शर्मा, राम देवांगन, अमर निषाद सहित समिति के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। चेयरमैन अत्री शर्मा ने बताया कि यह टूर्नामेंट युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतरीन मंच प्रदान करेगा और स्थानीय खेल संस्कृति को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा।

### यातायात पुलिस को...

के स्टूडेंट, यातायात पुलिस मितान के सदस्य, निरीक्षक नरेश कांगे प्रभारी यातायात भाटापारा, निरीक्षक नरेश दीवान प्रभारी यातायात सिमगा, उप निरीक्षक प्रियेश जॉन प्रभारी यातायात बलौदाबाजार आदि उपस्थित रहे।

### जिले में मवेशियों...

में हालात जस के तस हैं। वरिष्ठ अधिवक्ता सतीश चंद्र श्रीवास्तव ने प्रशासनिक निष्क्रियता पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बलौदाबाजार से लेकर सिमगा तक और रायपुर-बिलासपुर मार्ग तक, रात में झुंड बनाकर बैठे सैकड़ों मवेशी आमजन और वाहन चालकों के लिए जानलेवा खतरा बने हुए हैं। प्रशासन की चुप्पी को लेकर उन्होंने आशंका जताई कि शायद प्रशासन किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहा है। बलौदाबाजार जिले में गौवंश की दशा दयनीय बनी हुई है। मवेशी कहीं सड़क के बीचोंबीच बैठे मिलते हैं, तो कहीं दुकानों और घरों के सामने मंडराते रहते हैं। प्रशासन गौशालाओं और अभ्यारण्यों की व्यवस्था का दावा करता है, लेकिन वास्तविकता इसके विपरीत है। ऐसा प्रतीत होता है कि मवेशियों की देखभाल की योजना सिर्फ कागजों और आदेश पत्रों तक ही सीमित है।

# कचरा वाहनों की बदबू से बढ़ी बीमारियां, ग्रामीणों का जीना हुआ दुश्वार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुहेला

ग्राम सुहेला से बलौदाबाजार की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर इन दिनों कचरा ढोने वाली गाड़ियों के कारण ग्रामीणों की परेशानी चरम पर पहुंच गई है। सिमगा की ओर से आने वाली इन गाड़ियों की संख्या में बेतहाशा वृद्धि हुई है और इनसे उठने वाली तेज दुर्गंध लोगों के लिए स्वास्थ्य समस्या बन चुकी है।

ग्रामीणों के अनुसार, पहले जहां प्रतिदिन 5-6 गाड़ियां गुजरती थीं, अब दिनभर में 20 से अधिक गाड़ियां निकल रही हैं, जिनसे बदबू, कचरे का गिरना और रास्ता जाम होना आम बात हो गई है। सबसे अधिक प्रभावित स्कूल जाने वाले छोटे बच्चे हैं, जिनके लिए ये हालात गंभीर चिंता का विषय बन चुके हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि समय पर समाधान नहीं किया गया, तो वे आंदोलन के लिए विवश होंगे। प्रशासन, परिवहनकर्ता और संबंधित फैक्ट्रियों को इस गंभीर समस्या को गंभीरता से लेना ही होगा।

**बदबू, बीमारियां और अस्वस्थता का बढ़ रहा खतरा:** ग्रामीणों का कहना है कि इन गाड़ियों से निकलने वाली बदबू के कारण लोगों को सांस लेने में दिक्कत, सिरदर्द, उल्टी, चक्कर जैसी समस्याएं हो रही हैं। कुछ गायों की मौत भी कचरा खाने से हो चुकी है। इसके बावजूद प्रशासन की चुप्पी पर ग्रामीणों में रोष है।

### ग्रामीणों ने की वैकल्पिक मार्ग और प्रशासनिक हस्तक्षेप की मांग





#### ग्रामीणों की मांगें और प्रशासन की प्रतिक्रिया

ग्रामीणों ने स्पष्ट कहा है कि यदि कचरा ढोने वाली इन गाड़ियों का संचालन आवश्यक है, तो उन्हें विकल्प मार्ग से भेजा जाए। साथ ही सभी गाड़ियां पूरी तरह सील और ढंकी हों। इस मामले में एसडीएम सिमगा अतुल सेटे ने फोन पर बताया कि यदि यह कचरा अवैध तरीके से किसी प्लांट के लिए मंगाया जा रहा है, तो पर्यावरणीय सुरक्षा के तहत कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन इसकी जांच शुरू करेगा और प्रदूषण नियंत्रण को लेकर आवश्यक कदम उठाएगा।

### पर्व : शिव-पार्वती की आराधना में लीन रहीं महिलाएं

# सुहागिनों ने पति की दीर्घायु के लिए रखा हरितालिका तीज का निर्जला व्रत

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिरमी रावन



पति की दीर्घायु और अखंड सौभाग्य की कामना को लेकर मंगलवार को हरितालिका तीज व्रत श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया गया। हिरमी, मोहरा, कुथरौद, सकलोर, तिल्दाबांधा, भिलौनी और भालेसुर समेत आसपास के गांवों की सैकड़ों सुहागिन महिलाओं ने भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा कर निर्जला व्रत रखा। महिलाओं ने पारंपरिक सोलह श्रृंगार कर शिव-पार्वती की मूर्तियों और चित्रों के समक्ष पूजा-अर्चना की।

इस मौके पर मंदिरों और घरों में दिनभर धार्मिक भजन-पूजन का माहौल बना रहा। हरतालिका तीज की पौराणिक कथा सुनते हुए महिलाओं ने सुख, शांति और पति की लंबी उम्र के लिए प्रार्थना की। ग्रामीण अंचलों में यह पर्व संस्कार, आस्था और पारंपरिक संस्कृति का प्रतीक बन गया है। खास बात यह रही कि दिनभर मौसम भी सुहावना और भक्तिमय बना रहा, मानो भगवान शिव ने अपने जटा से शीतल जल का छिड़काव कर आशीर्वाद दिया हो।

हरतालिका तीज को लेकर मान्यता है कि मां पार्वती ने शिवजी को पति रूप में पाने के लिए वर्षों तक कठोर तप किया था। इसी उपलक्ष्य में विवाहित महिलाएं इस दिन निर्जला उपवास रखती हैं। मान्यता यह भी है कि इस दिन व्रत करने से अखंड सौभाग्य, पति का प्रेम और पारिवारिक सुख-समृद्धि प्राप्त होती है।

**व्रतधारी महिलाओं ने किया भक्ति भाव से पूजन :** पूरे दिन व्रत रखकर शाम के समय शुभ मुहूर्त में महिलाओं ने शिव-पार्वती की पूजा विधि-विधान से की। पूजा के बाद हरितालिका व्रत कथा का श्रवण किया गया। व्रतधारी महिलाओं में जागेश्वरी वर्मा, शैल वर्मा, पूनम साहू, सीमा वर्मा, आरती, राजेश्वरी, नेहा, नीतू, नीरा, बिरझा, योगेश्वरी व टाकेश्वरी साहू प्रमुख रूप से शामिल रहीं।

### तीजा-पोला महोत्सव का भव्य आयोजन



**खरोरा।** ग्राम कठिया नंबर 1 में संकट मोचन परिवार द्वारा तीजा-पोला महोत्सव बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी परंपरा को जीवंत करते हुए चम्मच दौड़, रस्सा खींच, मटका फोड़, गुब्बारा फोड़ और सुई-धागा दौड़ जैसी विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विशेष बात यह रही कि निर्जला व्रत के बावजूद महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं में ग्रामीणों का उत्साह देखने लायक था। प्रतिभागियों के लिए विशेष पुरस्कारों की व्यवस्था की गई, जिससे उनका मनोबल और बढ़ा। इस अवसर पर संकट मोचन परिवार के अध्यक्ष डोमार वर्मा ने बताया कि परिवार पिछले तीन वर्षों से लगातार ऐसे आयोजन करता आ रहा है। साथ ही वृक्षारोपण, सामाजिक कार्यों और जरूरतमंदों की मदद में भी सक्रिय भूमिका निभाता है। कार्यक्रम में डॉक्टर हरीश वर्मा, तिलक राम बघेल, शिक्षक तुलसीराम वर्मा और बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। अतिथियों में अशोक वर्मा, गायक चंद्रभूषण वर्मा, शिक्षक धीरेंद्र कुमार वर्मा और रोहित कुमार वर्मा शामिल हुए। डॉ. हरीश वर्मा ने कहा कि ऐसे आयोजन गांव की संस्कृति और भाईचारे को सशक्त बनाते हैं। अंत में तिलक राम बघेल ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# गणेश चतुर्थी पर शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर थाना में बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

गणेश चतुर्थी एवं अन्य धार्मिक पर्वों को लेकर थाना पलारी में रविवार को शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में तहसीलदार लीलाधर कंवर, थाना प्रभारी हेमंत पटेल, जनप्रतिनिधि, **व्यापारी**, सामाजिक संगठन एवं गणमान्य नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

- प्रशासन ने ली कानून-व्यवस्था की तैयारियों की समीक्षा

बैठक में पर्वों के दौरान कानून-व्यवस्था, मूर्ति विसर्जन स्थलों की सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, ध्वनि यंत्रों के नियमन और साफ-सफाई को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। तहसीलदार लीलाधर कंवर ने नागरिकों से अपील की कि त्योहारों को सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाएं तथा अफवाहों से दूर रहें। इस बैठक ने प्रशासन और समाज के बीच विश्वास और समन्वय को मजबूत किया है, जो पर्वों को शांतिपूर्ण बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

थाना प्रभारी हेमंत पटेल ने बताया कि पर्वों के दौरान संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष गश्त, सीसीटीवी मॉनिटरिंग, और पेट्रोलिंग की व्यवस्था की जाएगी। असामाजिक गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

**जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने दिया सहयोग का भरोसा:** बैठक में मौजूद सभी नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और संगठनों ने प्रशासन को हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। सभी ने यह भी संकल्प लिया कि आगामी त्यौहार शांति, व्यवस्था और सहयोगपूर्ण वातावरण में मनाए जाएंगे।

### चर्लापल्ली साप्ताहिक स्पेशल का परिचालन 27 नवंबर तक बढ़ा

**रायपुर।** यात्रियों की बढ़ती मांग और भीड़भाड़ को कम करने के उद्देश्य से दक्षिण मध्य रेलवे ने चर्लापल्ली–रक्सौल–चर्लापल्ली साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन (संख्या 07005/07006) की सेवाओं को 27 नवम्बर 2025 तक बढ़ाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन अपने मौजूदा ठहराव, समय सारिणी और संरचना के अनुसार ही संचालित होती रहेगी। इस निर्णय के तहत गाड़ी संख्या 07005 चर्लापल्ली–रक्सौल स्पेशल 06, 13, 20, 27 अक्टूबर एवं 03, 10, 17, 24 नवम्बर 2025 को चर्लापल्ली से चलेगी, वहीं गाड़ी संख्या 07006 रक्सौल–चर्लापल्ली स्पेशल 09, 16, 23, 30 अक्टूबर एवं 06, 13, 20, 27 नवम्बर 2025 को रक्सौल से प्रस्थान करेगी। इस स्पेशल ट्रेन में कुल 24 कोच रहेंगे, जिनमें 01 प्रथम वातानुकूलित, 03 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी (2-टियर), 02 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी (3-टियर), 12 स्लीपर क्लास, 04 सामान्य श्रेणी और 02 सीटिंग कम लगेज रेक शामिल हैं।

# लिपिक को हटाने किसानों का विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

विकासखंड के ग्रामीण सेवा सहकारी समिति मर्यादित पिसीद में लिपिक के पद पर कार्य कर रहे भानु वर्मा को हटाने आज दोपहर 12 बजे पिसीद सहित आस पास के किसान सैकड़ों की संख्या में समिति पहुंचे।



किसानों ने बताया कि समिति के द्वारा भानु वर्मा को लिपिक के पद पर रखा गया है वह पूर्व में प्रबंधक पद पर था जिसने समिति में रहते हुए भारी गमन और भ्रष्टाचार किया था।



किसानों ने आरोप लगाया कि श्री वर्मा का व्यवहार ठीक नहीं रहने के साथ ही उन्होंने पूर्व अध्यक्ष को हथियार लेकर मारने दौड़ाया था जिसके वजह से 2 वर्ष तक समिति से बाहर है फिर अचानक उन्हें लिपिक के पद पर रख लिया गया। इसके साथ ही किसानों ने यह भी बताया कि भानु वर्मा के द्वारा समिति में धान खरीदी के दौरान किसानों से धान लेने से इंकार किया जाता है, जिससे किसान खरीदी के वक्त परेशान रहते है, इसलिए किसानों ने तत्काल हटाने की मांग किया है। इधर अब सहकारी विभाग किसानों के आक्रोश और शिकायत पर कब कार्रवाई करता है यह देखना होगा। फिलहाल किसान लामबंद होकर हटाने की मांग पर अड़े है।

#### अधिकारियों का है आदेश

श्री वर्मा को उच्च अधिकारियों के आदेश के बाद लिपिक के पद पर रखा गया है।

**-तरुण कुमार वैद्य**, प्रबंधक सहकारी समिति पिसीद

#### आरोप हैं बेबुनियाद

जो आरोप मेरे ऊपर लगाए जा रहे है, यह सब बेबुनियाद है, मै अपने कार्य को जिम्मेदारी से करता हूं।

**-भानु वर्मा**, लिपिक पीसीद समिति

#### नियम के तहत पद पर है भानु

यह सब कांग्रेस के पूर्व और समिति अध्यक्ष राम प्रसाद वर्मा के द्वारा कराया जा रहा है, जितने भी आए सभी कांग्रेसी हैं। भानु वर्मा को नियम के तहत लिपिक के पद पर रखा गया है।

**-कृष्ण कुमार पटेल**, प्राधिकृत अध्यक्ष पिसीद, समिति

# सर्व आदिवासी समाज प्रतिनिधियों ने की कृषि मंत्री से मुलाकात, सौंपा मांगपत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



सर्व आदिवासी समाज जिला इकाई बलौदाबाजार के प्रतिनिधि मंडल ने राम विचार नेताम कृषि एवं आदिम जाति कल्याण विभाग मंत्री छत्तीसगढ़ शासन उनके निज निवास रायपुर पहुंचकर सर्व आदिवासी समाज के प्रतिनिधि मंडल द्वारा सौजन्य भेंट कर पुष्पगुच्छ से स्वागत कर बधाईयां दीं। साथ ही साथ जिला के शासकीय प्री मेट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास नगर पंचायत लवन एवं नगर पालिका भाटापारा का भवन अत्यंत जर्जर होने के कारण, डिसमेंटल कर नए भवन की स्वीकृति हेतु मांग पत्र सौपा गया एवं जिला मुख्यालय के कुकुरदी भांटा मे जिला सांस्कृतिक भवन की मांग एवं अन्य विभिन्न समस्याओं को लेकर मांग पत्र सौपा। इस अवसर पर सर्व आदिवासी समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश ध्रुव, जिला उपाध्यक्ष भानु ध्रुव, अजजा मोर्चा जिला अध्यक्ष रवि ध्रुव, समाजसेवी दया राम ध्रुव प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### विजय रत्नाकर अध्यक्ष निर्वाचित, बृजभूषण सिंह निर्विरोध बने सचिव

# छत्तीसगढ़ शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ रायपुर इकाई का पुनर्गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा



छत्तीसगढ़ शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ जिला रायपुर इकाई की पुनर्गठन बैठक रायपुर स्थित प्रो. जे. ए न. पांडेय स्कूल के सभागार में रविवार को संपन्न हुई। बैठक में भारी संख्या में व्यायाम शिक्षकों की मौजूदगी रही। इस दौरान संघ की नई कार्यकारिणी का चुनाव शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से किया गया।

- सर्वसम्मति से गठित हुई कार्यकारिणी, नई ऊर्जा के साथ संघ सक्रिय

निर्वाचन प्रक्रिया में मुख्य निर्वाचन अधिकारी संजय शुक्ला, सहायक निर्वाचन अधिकारी सी.के. वर्मा, राकेश प्रधान, संदीप शर्मा व पोमन लाल तारक की भूमिका सराहनीय रही। अध्यक्ष पद के लिए हुए मुकाबले में डॉ. विजय कुमार रत्नाकर ने अपने प्रतिद्वंद्वियों को 7 मतों से हराकर विजय हासिल की, जबकि बृजभूषण सिंह उर्फ बंटी को सचिव पद के लिए निर्विरोध चुना गया। बैठक में सेवानिवृत्त व्यायाम शिक्षक बी.आर. साहू, गोवर्धन ध्रुव, आर.एल. तारक, शिवनंदन देवांगन, सुखचंद वर्मा, संतोष शर्मा, सदाराम ध्रुव, प्रमिला गौतम, ओंकारेश्वर सोनवानी जैसे वरिष्ठजन भी उपस्थित रहे। इनकी उपस्थिति से संघ के नवचयनित प्रतिनिधियों को मार्गदर्शन मिला।

#### निर्वाचित पदाधिकारी: संघ को मिली नई दिशा

संघ की नवगठित कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष पद पर लाल बहादुर सोनकर, अमित चंद्राकर, प्रदीप साहू, पंचराम कौशिक, सह सचिव के रूप में गुरुप्रिया बागड़े, कोषाध्यक्ष वरुण पांडे, उप कोषाध्यक्ष ढालेश्वरी टंडन एवं प्रवक्ता/मीडिया प्रभारी भोजराम मनहरे को चुना गया। कार्यकारिणी सदस्यों में चांदनी दीवान, नीतू देवदास, ज्ञानचंद साहू, मनप्रीत कौर और चंद्रवती मीरे को शामिल किया गया।

#### सलाहकार मंडल का गठन

वरिष्ठों को दिया गया स्थान संघ की गतिविधियों को अनुभव का लाभ मिल सके, इसके लिए एक सलाहकार मंडल भी गठित किया गया है। इसमें संजय शुक्ला, सी.के. वर्मा, राकेश प्रधान, संदीप गोविलकर, पोमन लाल तारक, एन.पी. अली, किरण प्रधान को शामिल किया गया है। यह मंडल संघ की नीति-निर्धारण प्रक्रिया में अहम भूमिका निभाएगा।

# पोहा मुरमुरा संघ चुनाव, रंजीत दावानी तीसरी बार बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा



- अमर छाबड़िया को 78 मतों से हराकर दर्ज की बड़ी जीत

भाटापारा पोहा मुरमुरा संघ के चुनाव मे रंजीत दावानी लगातार तीसरी बार अध्यक्ष चुने गये इस चुनाव मे उन्होंने शानदार जीत दर्ज की उन्होने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी अमर छाबडिया को 78 मतो से पराजित किया सीधे संघर्ष के इस चुनाव मे रंजीत दावानी को 137 मत मिले वहीं अमर छाबडिया को 59 मत मिले ।

रंजीत दावानी के अध्यक्ष चुने जाने उनके समर्थकों मे खुशी व हर्ष का माहौल है सरल व संघर्षशील स्वभाव के धनी रंजीत पोहा मिल संघ के अध्यक्ष का दायित्व बीते दोनो कार्यकाल मे बहुत ही अच्छे ढंग से किया वे हमेशा अपने संघ के हित मे कार्य कर पोहामिल संघ को मजबूत किया। इस चुनाव के लिए 1 बजे 5 बजे तक मतदान के तुरंत बाद मतो की गिनती कर चुनाव अधिकारी ने परिणाम की घोषणा की ।नवनिर्वाचित अध्यक्ष रंजीत दावानी ने निर्वाचित होने के बाद चर्चा करते हुए कहा कि वे सदैव अपने संगठन के हित के लिए कार्य करते रहेगें वही संघ के लोगो ने लगातार तीसरी बार मुझपर जो विश्वास किया उस पर मै खरा उतरने का प्रयास करूंगा वहीं उन्होंने सभी का आभार व्यक्त करते हुए संगठन को और मजबूत बनाने सभी से सहयोग की अपेक्षा की।


समस्त प्रदेशवासियों को
गणेश चतुर्थी
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं!
धर्म गुरु खुशवंत साहेब
को छत्तीसगढ़ शासन के
कैबिनेट मंत्री
बनाने पर
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं।
हमारा धर्म सेवा, समर्पण, सम्भाव
विनीत : एस सी. एस.टी. संघर्ष समिति छत्तीसगढ़
एवं समस्त सतनामी समाज छत्तीसगढ़
शुभम चेरियन
जिला उपाध्यक्ष एस सी, एस.टी.
संघर्ष समिति छत्तीसगढ़
जिला - बलौदाबाजार-भाटापारा
मोहन राय
प्रदेश अध्यक्ष एस सी, एस.टी.
संघर्ष समिति छत्तीसगढ़
सभी हरिभूमि के पाठकों को गणेश चतुर्थी की हार्दिक शुभकामनाएं!
हरिभूमि (पेपर), समाचार एवं विज्ञापन हेतु संपर्क करें
संकलन - हेमेश चेरियन, हरिभूमि संवाददाता संडी बंगला, मो.: 8120743289, 8435115051